RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 05 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 194 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## शिंदे कमेटी का दायरा अब पूरे राज्य में

## मनोज जरांगे पाटिल से मिला सरकारी प्रतिनिधिमंडल



छत्रपति संभाजीनगर : महाराष्ट्र के मंत्री संदीपन भुमरे और अतुल सावे ने शनिवार को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से मुलाकात की और उन्हें समुदाय के सदस्यों को कुनबी प्रमाणपत्र देने की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए गठित शिंदे समिति के दायरे का विस्तार करने संबंधी एक दस्तावेज की प्रति सौंपी।

जरांगे की मांगों में मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र दिया जाना भी शामिल है ताकि उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण मिल सके। महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने इस मांग का अध्ययन करने और इसे लागू करने के तौर-तरीकों का पता लगाने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे के तहत एक समिति गठित की थी। भुमरे ने जरांगे से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, ''शिंदे समिति का दायरा मराठवाड़ा से लेकर पूरे महाराष्ट्र तक बढ़ा दिया गया है।'' मंत्र पत्रकारों के इस सवाल को टाल गए कि क्या मराठा कोटा लागू करने के लिए जरांगे द्वारा राज्य सरकार को दी गई समय सीमा 24 दिसंबर या दो जनवरी है।

भुमरे ने कहा, ''यह बस कुछ दिनों की बात है और इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। हो सकता है कि ये (कोटा) मुद्दा उससे पहले ही सुलझ जाए।'' इस मुद्दे पर जरांगे ने कहा, ''यह अच्छा है कि राज्य भर के मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाणपत्र मिलेगा। हमारी क्रमिक भूख हड़ताल जारी है और हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हमें आरक्षण नहीं मिल जाता।'' इस बीच, पूर्व राज्यसभा सदस्य संभाजी छत्रपति ने भी दिन में जरांगे से मुलाकात की और कहा कि उनका उद्देश्य जरांगे को मजबूती देना है। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अपना अनिश्चितकालीन अनशन नौ दिन बाद बृहस्पतिवार को खत्म करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे का अस्पताल में उपचार जारी है।

## ड्रग्स मामले से जुड़े महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारी होंगे बर्खास्त !

### होगी कड़ी कार्रवाई... उपमुख्यमंत्री फड़णवीस

**नागपुर : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि मादक पदार्थों से संबंध रखने वाले राज्य पुलिस कर्मियों को न केवल निलंबित किया जाएगा बल्कि सेवा से बर्खास्त भी किया जाएगा।**



यहां पत्रकारों से बात करते हुए, फडणवीस ने कहा कि मादक द्रव्यों के निर्माण और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति पर कठोर कानूनों के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। फडणवीस ने कहा, ''इसमें शामिल लोगों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, लेकिन जो पुलिस अधिकारी (मादक द्रव्य के कारोबार में) शामिल पाए जाएंगे, उन्हें न केवल निलंबित किया जाएगा बल्कि (संविधान के अनुच्छेद) 311 के तहत बर्खास्त भी किया जाएगा।''संविधान का अनुच्छेद 311 केंद्र या राज्य के अधीन नागरिक क्षमताओं में कार्यरत व्यक्तियों की बर्खास्तगी, निष्कासन या पद में कमी से संबंधित है। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस ने महाराष्ट्र को नशा मुक्त बनाने के लिए एक अभियान चलाया है और हर जिले में छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर काम हो रहा है और मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल गिरोहों की अंतरराज्यीय गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, राज्य पुलिस ने सैकड़ों करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है। पुणे के एक सरकारी अस्पताल से दो अक्टूबर को कथित मादक द्रव्य कारोबारी ललित पाटिल के भागने पर फडणवीस के नेतृत्व वाले गृह विभाग को आलोचना का सामना करना पड़ा था, खासकर शिवसेना (यूबीटी) ने उसपर निशाना साधा था। पाटिल को कुछ दिनों पहले बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था।

पाटिल के फरार होने के बाद नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा था कि लगभग एक साल तक जेल में रहे पाटिल को अस्पताल में रहने के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग करते पाया गया था। इलाज के दौरान भी वह कथित तौर पर मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा था और तीन दिन पहले ही एक नए मामले में उसका नाम आया था। फडणवीस ने कहा कि जो लोग आरोप लगा रहे थे दांव उन पर ही उलटा पड़ गया।

## कुर्ला और अंधेरी पूर्व के कुछ हिस्सों में कम दबाव में आएगा पानी



**मुंबई** : पवई लो लेवल रिजर्वायर में कप्पा की मरम्मत की जाएगी जिसके लिए कुर्ला पश्चिम और अंधेरी पूर्व के कुछ हिस्सों में कम दबाव में पानी कम दबाव में पानी आएगा। बीएमसी हाइड्रोलिक विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जलाशय के कप्पा नंबर 1 और 2 की मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा। इस मरम्मत कार्य को पूरा करने में मॉनसून को छोड़कर 13 महीने का समय लगेगा। कप्पा नंबर 1 की मरम्मत 6 नवंबर, 2023 से शुरू होगी। इससे एक ही कप्पे से पानी की आपूर्ति होगी। इसके चलते कुर्ला पश्चिम इलाके के कुछ हिस्सों में कम दबाव से पानी की आपूर्ति होने की संभावना है। मरम्मत कार्य की वजह से इन इलाकों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कम दबाव में पानी आएगा। १ीस्त्रं१ ६ङ्क१' की वजह से अंधेरी पूर्व में बामनदया पाड़ा, मारवा एस्टेट, अशोक टॉवर, उदय नगर, साकीनाका , घाटकोपर- अंधेरी लिंक रोड पर तिलक नगर, बामनदया पाड़ा, मारवा एस्टेट, अशोक टॉवर, उदय नगर, साकीनाका में कब दबाव में पानी आएगा। इसी तरह कुर्ला-अंधेरी रोड पर जरी मरी, विजय नगर, एल.बी.एस. नगर, शास्त्री नगर, शेट्टी नगर, सत्य नगर जलवाहिनी, वायर गली, नंबर 3 खाड़ी एरिया में कब दबाव में पानी आएगा।

## ड्रोन उड़ा रहे विदेशी पर कार्रवाई... कुलाबा जैसे सेंसेटिव जोन में उड़ रहा था ड्रोन

**मुंबई** : कुलाबा पुलिस ने एक विदेशी आरोपी को कुलाबा जैसे सेंसेटिव इलाके में उड़ने वाला ड्रोन के मामले में गिरफ्तार किया है। कुलाबा का परिसर काफी सेंसेटिव इलाका माना जाता है। यहां पर नेवी का भी बेस है इस वजह से इसे सेंसिटिव जोन में रखा गया है। यहां एक विदेशी द्वारा ड्रोन में वीडियो कैप्चर करना सुरक्षा पर सवाल निर्माण करता है। इसलिए पुलिस ने उसे पकड़कर मामले में करवाई की है। सालों से मुंबई में ड्रोन उड़ाने को लेकर प्रतिबंध लगाई गई है। किसी भी प्रकार का ड्रोन कैमरा उड़ाने के लिए पुलिस का परमिशन अनिवार्य है। पुलिस को



जानकारी मिली कि यहां ड्रोन उड़ाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची और ड्रोन उड़ानेवाले नकी दाऊद अली को पकड़ लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने ड्रोन कैमरा भी बरामद किया है।

एक कॉन्स्टेबल कुलाबा इलाके में ड्यूटी पर तैनात था उसे जानकारी मिली कि कोई अज्ञात व्यक्ति कुलाबा स्थित मेथोडिस्ट चर्च, तुलच रोड पर ड्रोन उड़ा रहा है। जिसके बाद कॉन्स्टेबल वहां पहुंचा और उसने दरों उड़ानेवाले को ढूंढने की कोशिश की। रात करीब 9 बजे वह ड्रोन उड़ा रहा था। कॉन्स्टेबल ने उसे ड्रोन उड़ाने के परमिशन के बारे में पूछा, लेकिन उसके पास कोई परमिशन नहीं था। इस वजह से थाने में लाकर उससे पूछताछ की गई। उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसके पास से ड्रोन कैमरा मिला। जिसे पुलिस ने करवाई के लिये अपने कब्जे में ले लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में जिस अली नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, वह मोरिशिअस का रहनेवाला है। उससे पूछताछ करने पर पता चला कि वह विदेशी है और कुलाबा कैसा दिखता है इसे कह अपने कैमरे में कैद कराना चाहता था। इस वजह से उसने ड्रोन कैमरा उड़ाया, उसे पाबंदी के बारे में जानकारी नहीं थी इस वजह से उसने ड्रोन उड़ाया। लेकिन पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 188 के तहत एफआईआर दर्ज किया है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : रविवार 05 नवंबर 2023



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को समन किया था, ताकि शराब घोटाले के संदर्भ में पूछताछ की जा सके, लेकिन केजरीवाल ने समन को ही गलत तथा राजनीति से प्रेरित करार देते हुए पेश होने से इंकार कर दिया। उन्होंने कुछ सवाल भी पूछे कि जांच एजेंसी ने उन्हें मुख्यमंत्री अथवा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर बुलाया है। ईडी ने उन्हें ह्यगवाहह्न या ह्यसंदिग्धह्न के तौर पर समन भेजा था। भाजपा नेताओं के इन बयानों के मायने क्या हैं कि केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जा सकता है, लिहाजा यह समन भाजपा के निदेर्शानुसार भेजा गया है! केजरीवाल ने ईडी को लिखे पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री के नाते उन पर काफी सरकारी दायित्व हैं और पार्टी का राष्ट्रीय नेता होने के नाते राज्यों के पार्टीजनों की अपेक्षा है कि वह चुनाव प्रचार करें। लिहाजा वह ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। चूंकि यह समन ही अवैध और अस्पष्ट है, लिहाजा उसे वापस ले लिया जाए। हमारी खबर है कि ईडी केजरीवाल को नया समन भेजेगा। यदि जरूरत पड़ी, तो अदालत का हस्तक्षेप भी मांगा जा सकता है। केजरीवाल ईडी के तीन समन ठुकरा सकते हैं। यदि फिर भी वह पेश नहीं होते हैं, तो ईडी को अगली कार्रवाई के लिए अदालत में ही जाना पड़ेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी 5 समन भेज चुका है, लेकिन वह एक बार भी पेश नहीं हुए हैं। आजकल नेताओं ने ईडी के समन को गंभीरता से लेना छोड़ दिया है, क्योंकि सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि समन न मानने की स्थिति में ईडी किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकता है।

उसके लिए अदालत में आना अनिवार्य है। बहरहाल ईडी के संदर्भ में ही एक घटना राजस्थान में हुई है कि वहां के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ईडी के एक अधिकारी को 15 लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। वह अधिकारी इंफाल (मणिपुर) से राजस्थान आया था, ताकि भ्रष्टाचार के एक मामले को रफा-दफा किया जा सके। अब कांग्रेस नेता यह भी सवाल उठा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में जो काले संदूक आ रहे हैं और करोड़ों की धरपकड़ की गई है, उसमें ईडी या सीबीआई की कितनी संलिप्तता है? जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हुए हैं। इनसे सरकार और जांच एजेंसियों के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है और वे सवालिया होने लगी हैं। आम आदमी की चिंता बढ लगी है कि जिन जांच एजेंसियों को, संविधान के तहत, भ्रष्टाचार की जांच का, जनादेश प्राप्त है, वे खुद ही दागी और कटघरे में मौजूद हैं। बीते दिनों सीबीआई ने 5 करोड़ रुपए के भुगतान मामले में ईडी के एक सहायक निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुछ दिन पहले असम पुलिस ने एक सीबीआई अधिकारी को गिरफ्तार किया था, जो एक व्यापारी से पैसे वसूलने की साजिश में जुटा था। बीते साल मई में खुद सीबीआई ने अपने ही चार सब-इंस्पेक्टरों को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया था। ऐसे कथित भ्रष्ट मामलों की फेहरिस्त काफी लंबी है। प्रथमद्रष्ट्या माना जा सकता है कि हमारी प्रमुख जांच एजेंसियां भी दूध की धुली नहीं हैं।

यह बेहद गंभीर स्थिति है, लेकिन वे आर्थिक अपराधों को नहीं पकड़ सकतीं और कानूनी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकतीं, ऐसा मानना गलत है। दिल्ली शराब घोटाले के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने ही 338 करोड़ रुपए के मुनाफे और सरकारी जनसेवक को कथित घूस दिए जाने की बात अपने फैसले में कही है। हवाला मनी ट्रेल की ओर भी संकेत किया है। यदि दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह क्रमशः 8 माह और 28 दिनों से जेल में हैं और शीर्ष अदालत तक जमानत खारिज होती रही है, तो उस पार्टी के संयोजक और सरकार के मुख्यमंत्री जिम्मेदार क्यों नहीं होंगे? ईडी को इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए केजरीवाल का पक्ष जानना बेहद जरूरी है। जांच एजेंसियों को दोतरफा लड़ाई का सामना करना है। भ्रष्टाचार बेनकाब होना चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# भिवंडी में सफल रहा HBT अचीवमेंट अवॉर्ड 2023 प्रोग्राम

## एचबीटी का 9 साल पूरा होने पर विधायक महेश चौघुले ने दी बधाई और किया अभिनंदन।

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** : भिवंडी शहर में पिछले चार सालों से एच.बी.टी. अचीवमेंट अवॉर्ड भव्य कार्यक्रम का आयोजन हिंदभूमि टाइम्स के मुख्य संपादक युसूफ मंसूरी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी भिवंडी शहर धामनकर नाका स्थित स्कॉलर हाय स्कूल में शनिवार 28 अक्टूबर शाम शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवक, शिक्षक, मुख्य अध्यापक, वकील, डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस,संस्था के अलावा अन्य कई क्षेत्रों में उत्कर्ष कार्य करने वाले वकील चंदबी मुजावार मुंबई हाई कोर्ट,समाजसेवक सुलतान सिद्दीकी, जिया फाउंडेशन थाने संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट राजहंस गजरे, अकबर बिस्मिल्ला पिंजारी उप शिक्षक समदिया हाई स्कूल, कुरेशी खिजेर अहमद मोहम्मद साबिर उप शिक्षक भिवंडी मनपा स्कूल नंबर 87, माहेनूर आसिफ खान प्रिंसिपल नियाज नेशनल स्कूल भिवंडी, शाह अब्दुल कादिर मोहम्मद हनीफ मुख्य अध्यापक भिवंडी मनपा स्कूल नंबर 92, इस्लामुद्दीन खान रिपोर्टर आपका प्रहार टाइम्स हिंदी समाचार मुंब्रा, रुबिया आरिफ शेख मुख्य संपादक जग सागर हिंदी समाचार



मीरा भयंदर, राजनीतिक खान अब्दुल रहमान (उर्फ बाबू खान) उप सरपंच ग्रामपंचायत खूनी खाड़ीपार, नगरसेवक हनुमान चौधरी वार्ड नं 23 भिवंडी मनपा, प्रशासनिक अधिकारी सुधाम जाधव सहायक आयुक्त प्रभाग 1 भिवंडी मनपा, पुलिस विभाग विनोद संकर कडलग पुलिस उप निरीक्षक कोन गांव पुलिस स्टेशन, धनराज केदार पुलिस उप निरीक्षक क्राइम ब्रांच भिवंडी, रविन्द्र बाबूराव पाटिल पुलिस उप निरीक्षक भिवंडी सिटी पुलिस स्टेशन, रमेश कनकुटाला मुख्य सुरक्षा अधिकारी महाराष्ट्र सुरक्षा बल, बिजनेस मैन मोहम्मद मक्की एस पटेल अजा कंस्ट्रेट्सन, को एच.बी.टी. अचीवमेंट अवॉर्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिवंडी पश्चिम के लोकप्रिय विधायक महेश प्रभाकर चौघुले कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यकम की शोभा बढ़ाई विशेष अतिथि के रूप में भिवंडी मनपा की मुख्य वैद्यकीय अधिकारी श्रीमती बुशरा एजाज सैयद, भिवंडी ट्रैफिक यूनिट के पुलिस उप निरीक्षक तुकाराम जोशी, बॉम्बे हाईकोर्ट की वकील खदीजा खान, स्कॉलर हाय स्कूल की प्रिंसिपल पल्लवी पाटिल, उद्योगपति राम पाटिल, राजनेता अनिल गायकवाड, कार्यक्रम में शामिल हुए ।

आपको बतादें की एचबीटी का यह चौथा वार्षिक कार्यक्रम बड़े ही शानदार तरीके से संपन किया गया। अखबार के संपादक युसूफ मंसूरी ने बताया की एचबीटी का मतलब हिंदभूमि टाइम्स है जो एक साप्ताहिक हिंदी समाचार पत्र समाज में सेवा दे रहा है हमारा काम केवल समाचार प्रकाशित करना नहीं है बल्कि समाज से बुराई को खत्म करना और बदलाव लाना है अवॉर्ड के इस कार्यक्रम में हम उन लोगो को अवॉर्ड देकर सम्मानित करते है जो समाज में अपने काम के अलावा गरीब और मजबूर लोगों की मदद करते है चाहे वो किसी भी क्षेत्र के हो एचबीटी पूरा साल उन लोगों की लताश करता है और अपने कार्यक्रम में अवॉर्ड से सम्मानित करता है। भिवंडी में एच.बी.टी. अचीवमेंट अवॉर्ड 2023 कार्यक्रम में नियाज नेशनल स्कूल की टीम ने सहयोजक के तौर पर कार्यक्रम में साथ दिया और स्कूल की टीम ने पूरा कामकाज संभाला इसी प्रकार अतिथियों के स्वागत सम्मान का स्कॉलर हाई स्कूल ने होनहार विद्यार्थियों ने बड़े ही शानदार तरीके से किया कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगो को बहोत पसंद आया पूरे शहर में इस की चर्चा हो रही है। खास बात यह रही कि हिंदभूमि टाइम्स का नौ साल पूरा होने पर भिवंडी के विधायक महेश चौगूले ने बधाई दी। इन नौ सालों में एचबीटी ने चार भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर कई लोगों को अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित करने का काम किया है। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, समाज सेवक, पत्रकार, सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए कार्यक्रम का सूत्र संचालन सज्जाद अख्तर ने इस तरह किया की सब दीवाने हो गए। इस कार्यक्रम में एच बि टी के उप संपादक फरीद शेख ने एक अहम भूमिका निभाई और कार्यक्रम को कामयाब बनाने में जीजान लगा दी। अंत में एच बि टी के संपादक युसूफ मंसूरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की अगर आप सभी का साथ नही होता तो मेरे लिए कार्यक्रम को सफल बना न इतना आसान नहीं था पर आप सभी के साथ ने ही इस कार्यक्रम को कामयाब बनाया है और आप लोगों का सहयोग इसी तरह मिलता रहा तो हमें आगे भी कार्यक्रम करने में हिम्मत बढ़ती रहेगी।

# भिवंडी में समाजवादी पार्टी की परिवर्तन सभा में उमड़ी भीड़

## जनता भाजपा का सपना कभी पूरा नहीं होने देगी - रईस शेख

### मुस्लिम आरक्षण के लिए निकाली जाएगी साइकिल रैली, अबू आसिम आजमी

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** : महाराष्ट्र राज्य के पावरलूम नगरी भिवंडी में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित ह्यपरिवर्तन सभाह्न में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर भिवंडी शहर से देश भर में संप्रदायवादियों को परिवर्तन का एक स्पष्ट संदेश दिया है और देश में सांप्रदायिक मानसिकता और शक्तियों के खिलाफ मजबूती से खड़े होने का संकल्प भी लिया । समाजवादी पार्टी मुंबई,महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने महाराष्ट्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में मराठा आरक्षण को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन हो रहा है, जिसे देखते हुए सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और ऐसी पार्टी को भी बुलाया गया जिसका एक भी विधायक नहीं है, लेकिन इस बैठक में समाजवादी पार्टी के विधायकों को नहीं बुलाया गया क्योंकि उन्हें पता था कि हम वहां मुस्लिम आरक्षण की मांग करेंगे । उन्होंने कहा कि हमने मुंबई पुलिस को बताया कि हम 6 नवंबर को मुंबई शहर के जेजे से मंत्रालय तक मुस्लिम आरक्षण के लिए साइकिल रैली निकालेंगे, लेकिन पुलिस ने कहा कि हम रैली निकालने का परमिशन नहीं देंगे । उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएफआई पर सरकार ने इसलिए प्रतिबंध लगाया क्योंकि वह देश में इस्लामिक सरकार लाने की बात करता था, लेकिन हम रोज सुन रहे हैं कि बीजेपी और आरएसएस के लोग हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कर



रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है, इसके साथ ही अबू आसिम आजमी ने पीड़ित फिलिस्तीनियों के लिए भी प्रार्थना की और मुसलमानों से एकता की अपील की और हर समय रईस शेख का समर्थन करने की बात कही ताकि भिवंडी शहर को राज्य का एक आदर्श शहर बनाया जा सके ।

भिवंडी पूर्व से सपा विधायक रईस शेख ने भिवंडी की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज पार्टी अध्यक्ष अबू आसिम आजमी के नेतृत्व में हम भिवंडी की जनता की हर समस्या को महाराष्ट्र विधानसभा में पूरी शिद्दत से उठा रहे हैं। टोरेंट का मामला हो या ,भिवंडी के पावरलूम उद्योग के कल्याण और विकास का मामला हो, आज हालात यह है कि महाराष्ट्र विधानसभा में समाजवादी पार्टी का नेतृत्व देखकर गूंगे भी बोल उठे हैं और उन्हें डर है कि अगर हम महाराष्ट्र विधानसभा में नहीं पहुंचे और नहीं बोले तो रईस शेख न सिर्फ ये मुद्दे उठाएंगे बल्कि इस मुद्दे को सुलझाने का हरसंभव प्रयास करेंगे , उन्होंने कहा कि जो लोग यह सपना देख रहे हैं कि भिवंडी में बीजेपी का विधायक लाएंगे , आज भिवंडी की जनता ने उन सभी को संदेश दे दिया है कि वे उनके इस सपने को कभी पूरा नहीं होने देंगे और न सिर्फ भिवंडी शहर में समाजवादी पार्टी का विधायक होगा के बल्कि मेयर भी समाजवादी पार्टी का बनेगा ।समाजवादी पार्टी की परिवर्तन सभा कल्याण बाईपास फ्लोरा होटल से शुरू हुई और साईं बाबा मंदिर के पास पहुंचने पर समाजवादी पार्टी मुंबई व महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी और भिवंडी पूर्व विधायक रईस शेख का 300 किलो ग्राम वजनी 22 फुट का विशाल फूलों का हार क्रेन द्वारा भेंट कर लोगों ने जोरदार स्वागत किया, उसके बाद लकड़ा मार्केट कल्याण रोड, वेलकम होटल, आनंद होटल, कल्याण रोड पर आस बीबी मस्जिद के पास , राजीव गांधी चौक (कल्याण नाका) पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और शहर वासियों ने भव्य स्वागत किया।

इसी तरह मौलाना आजाद रोड, आनंद दिघे चौक , कचहरी पाड़ा, साईं नगर, सवाश होटल, ताज होटल, औलिया मस्जिद, खान कंपाउंड के पास, अपना अस्पताल, सलाहुद्दीन स्कूल, सत्तार मेडिकल, नदिया पार जंक्शन और केजीएन चौक तक जगह जगह कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने अपने-अपने तरफ से फूल बरसाकर पार्टी अध्यक्ष अबू आसिम आजमी और विधायक रईस शेख का स्वागत किया।




# कलेक्टर के नाम से फर्जी आदेश जारी... अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे :** जिलाधिकारी के नाम पर पुलिस को जारी किया गया एक पत्र फर्जी पाया गया है। इस चौकाने वाले मामले का खुलासा पुलिस ने किया है। पत्र में पुलिस को दुगार्डी किले में होने वाली प्रार्थना पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था। ठाणे तहसीलदार संजय भोसले की शिकायत पर ठाणे नगर पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है




कि ठाणे पुलिस को कुछ दिन पहले कल्याण के दुगार्डी किले को लेकर कलेक्टर कार्यालय के नाम से एक पत्र मिला था। पत्र में किले के पास प्रार्थना करने पर प्रतिबंध लागू करने का आदेश दिया. गया था। पत्र पर जिलाधिकारी के हस्ताक्षर थे। ऐसा पत्र मिलने के बाद पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने पत्र के संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय से संपर्क किया तो पता चला कि जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा इस तरह का पत्र कभी जारी ही नहीं किया गया था। पुलिस ने इस मामले की जानकारी तहसीलदार भोसले को दी। भोसले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# कार्रवाई के दौरान मनपा कर्मचारी से धक्का-मुक्की



**ठाणे :** ठाणे कोलशेत परिसर में कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण विभाग के एक कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार और धक्का-मुक्की करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कापूरबावड़ी पुलिस थाने में 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महानगर पालिका को सूचना मिली थी कि कोलशेत स्थित मनपा परिवहन डिपो के पास अनाधिकृत निर्माण चल रहा है। यह जानकारी मिलते ही अतिक्रमण विभाग में नियुक्त क्लर्क प्रवीण तावड़े एक टीम के साथ उस स्थान पर गए। उस समय जब टीम ने अनाधिकृत निर्माण कर्ता कृष्णकांत फुलोरे से निर्माण अनुमति के संबंध में पूछताछ की तो फुलोरे ने कोई दस्तावेज न होने की बात कह कर उनके साथ हुज्जत करने लगा। सहायक आयुक्त प्रीतम पाटिल ने संबंधित निर्माण पर कार्रवाई का आदेश दिया। इस लिए जब टीम कार्रवाई करने लगी तो कृष्णकांत फुलोरे, ओंकार फुलोरे, रेशमा फुलोरे, गौरी फुलोरे ने उनके साथ धक्का मुक्की और गाली-गलौज की। इसी 4 दौरान एक कर्मचारी तावड़े को धक्का दिया गया जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। तावड़े की शिकायत पर कापूरबावड़ी पुलिस ने उक्त चारो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# अहमदनगर में 1 करोड़ रुपये रिश्वत लेना पड़ा भारी, रंगे हाथ पकड़ा गया असिस्टेंट इंजीनियर

**अहमदनगर :** आये दिन महाराष्ट्र में रिश्वतखोरी की घटनाएं सामने आ रही है। ऐसे में अब महाराष्ट्र में रिश्वतखोरी निरोधक विभाग ने रिश्वतखोर अधिकारियों को रोकने के लिए एक अभियान शुरू किया है।एक तरफ जहां नांदेड़ के एक इंजीनियर के रिश्वत लेते पकड़े जाने की घटना ताजा है, वहीं अहमदनगर में भी बड़ी कार्रवाई हुई है, जिसकी चर्चा अब पुरे महाराष्ट्र में हो रही है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, आपको बता दें की अहमदनगर में महाराष्ट्र औद्योगिक क्षेत्र औद्योगिक विकास निगम के एक सहायक इंजीनियर को 1 करोड़ रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। नासिक में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की पुलिस अधीक्षक शर्मिष्ठा वल्हावरकर की टीम ने शुक्रवार शाम को यह कार्रवाई की है, अब इसकी चर्चा हर जगह हो रही है।

बता दें कि रिश्वत लेने वाले सहायक अभियंता का नाम अमित गायकवाड़ है इसकी उम्र 32 वर्ष




है और ये नागपुर का रहनेवाला है। इस संबंध में नागपुर एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अहमदनगर के औद्योगिक विकास निगम के तहत शिकायतकर्ता ठेकेदार ने 100 मिमी व्यास की पाइपलाइन बिछाने का काम किया था। जानकारी के मुताबिक , इस काम का बिल 2 करोड़ 99 लाख रुपये था। फिर यह काम पूरा होने के बाद शिकायतकर्ता ने बिल की मांग की। तत्कालीन सहायक अभियंता अमित गायकवाड़ ने शिकायतकर्ता से पिछले बिल को बाहर निकालकर तत्कालीन उप अभियंता गणेश वाघ के हस्ताक्षर कराने के लिए 1 करोड़ रुपये की रिश्वत की मांग की थी। ऐसे में उन्हें इस मामले में रंगेहाथ पकड़ा गया है।

चूंकि शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने नासिक भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को इसकी सूचना दी। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने शिकायतकर्ता को धैर्य रखने और आरोपी द्वारा मांगी गई राशि का भुगतान करने के लिए कहा और इस तरह उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया। शुक्रवार शाम को नगर-छत्रपति संभाजी नगर रोड पर शेंडी बाईपास पर पैसे स्वीकार करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, गायकवाड़ सड़क के किनारे आनंद सुपर मार्केट की खुली जगह पर आये। उन्हें नासिक की एक टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था।

फिर देर रात तक इस घटना का पंचनामा चल रहा था। इस मामले में नागपुर एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस बीच गिरफ्तार अमित गायकवाड़ ने कबूल किया है कि इन मामलों में तत्कालीन इंजीनियर गणेश वाघ की भी 50% हिस्सेदारी थी। इस तरह इतने बड़े रिश्वतखोरी का भंडाफोड़ किया गया।

# युनिट 3 ने पकड़ा नशीले प्दार्थ का जखीरा, दो गिरफ्तार



**वसई :** क्राइम ब्रांच युनिट -३ (मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय) ने लाखों रुपये नशीले पदार्थ गर्दा (ब्राउन शुगर) के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में युनिट ३ विरार के पी.आई.प्रमोद बडाख के नेतृत्व में पोउपनिरी अभिजीत टेलर व उमेश भागवत की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को दी है।पुलिस ने बताया कि,मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में नशे के सौदागरों और तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं।

# नालासोपारा में रिश्वतखोर वायरमैन कर्मचारी पर कार्रवाई... केस हुआ दर्ज

## डीवाईएसपी ने की नागरिकों से अपील, रिश्वत मांगे जाने पर तुरंत पालघर एसीबी से संपर्क कर




**वसई :** पालघर एंटी करप्शन ब्यूरो ने ३ नवबंर को नालासोपारा पूर्व के संतोष भुवन, महावितरण कार्यालय में कार्यरत एक वायरमेन कर्मचारी के खिलाफ रिश्वतखोरी का केस पेल्हार पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाया है। यह जानकारी एसीबी पालघर के डीवाईएसपी दयानंद गावड़े ने शुक्रवार को दी है। बतादे कि, ५ वर्ष में पालघर जिले में ६३ रिश्वतखोरो पर कार्रवाई की गयी है। विभाग ने जानकारी दी है कि चालू वर्ष में १५ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ये शिकायतकर्ता विद्युत सलाहकार के रूप में काम करता है। वे नागरिकों के महावितरण कार्यालय संबंधी कार्यों में नये मीटर लगाना, वे ग्राहक का नाम बदलने जैसे काम भी करता है।आरोपी लोक सेवक महावितरण वायरमैन (दशरथ प्रकाश गायकवाड़) हैं और उनके द्वारा अपने क्षेत्र में नए बिजली मीटर के कनेक्शन के लिए फील्ड सर्वे किया जाता है, और फिर शुरू होती है नया बिजली मीटर जोड़ने की प्रक्रिया। नये बिजली मीटर के कनेक्शन हेतु ठेकेदार महावितरण कंपनी दायर किए गए १४ ग्राहकों के सर्वेक्षण के लिए मुआवजा, साथ ही ७ नए आए ग्राहकों का सर्वेक्षण भी करना है, आरोपी लोक सेवक ने शिकायतकर्ता से ५००० रुपये की रिश्वत की मांग की, शिकायत ६ सितंबर २०२३ को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग, पालघर के कार्यालय में प्राप्त हुई थी। ७ सितंबर २०२३ को शिकायतकर्ता द्वारा पंचों के समक्ष दी गई शिकायत के अनुसार लोकसेवक ने रिश्वत की रकम की मांग की तथा कैसे सत्यापित किया, आरोपी लोक सेवक द्वारा नए बिजली मीटर के कनेक्शन के लिए शिकायतकर्ता द्वारा महावितरण के पास दायर किए गए १४ ग्राहकों का सर्वेक्षण करने के लिए मुआवजा, साथ ही ७ नए आए ग्राहकों का सर्वेक्षण भी करना है, शिकायतकर्ता ने ५४०० रुपये की रिश्वत की मांग की और समझौता करने के बाद ४००० रुपये लेने पर सहमत हुआ। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। डीवाईएसपी (एसीबी - पालघर युनिट) दयानंद गावडे ने बताया कि, जिले के कई अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं, सूचना मिलते ही उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी, जिले के नागरिकों से अपील है कि रिश्वत मांगे जाने पर तुरंत पालघर एसीबी से संपर्क करें, शिकायतकर्ता का नाम और जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

# सुप्रिया सुले का केंद्र पर हमला,

## कहा- मराठा कोटा हिंसा महाराष्ट्र सरकार और गृह मंत्रालय की विफलता

**मुंबई :** मराठा आरक्षण विरोध के दौरान हुई हिंसा को लेकर एनसीपी के मुखिया शरद पवार की बेटी नेता सुप्रिया सुले ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने हिंसा क महाराष्ट्र सरकार और गृह मंत्रालय की विफलता बताया। सुप्रिया सुले ने कहा कि हिंसा के लिए महाराष्ट्र सरकार और गृह मंत्रालय जिम्मेदार हैं। राज्य में जिस तरह से चीजें हुईं, वह पूरे गृह मंत्रालय और खुद गृह मंत्री की विफलता थी। उन्होंने आगे भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार जुमलेबाजी करती है। इसका प्रमुख उदाहरण मराठा समुदाय, धनगर समुदाय, लिंगायत समुदाय और मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने के बीजेपी के फर्जी दावों में देखा जा सकता है।



**विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई थी हिंसा**

इससे पहले सितंबर में महाराष्ट्र के जालना में एक विरोध प्रदर्शन में मराठा आरक्षण की मांग उठाए जाने पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई थी। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। जालना में पुलिस के इस कदम के बाद महाराष्ट्र सरकार को बड़ी किरकिरी हुई। लाठीचार्ज के लिए खुद महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेन्द्र फड़णवीस को माफी मांगनी पड़ी थी।

**सुप्रीम कोर्ट से उन्हें काफी उम्मीदें**

सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र में विधायक अयोग्यता के मामले पर भी एएनआई से बात की और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पीकर के व्यवहार पर निराशा जताई है। सुप्रिया सुले ने कहा कि पूरे मामले में उन्हें स्पीकर से कोई उम्मीद नहीं है लेकिन सुप्रीम कोर्ट से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह देश संविधान से चलता है और अगर स्पीकर इस मामले को संविधान के नजरिए से देखेंगे तो हमें न्याय जरूर मिलेगा।



# यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री का आपत्तिजनक पोस्टर बनाने पर विवाद,
## झड़प में चार छात्र घायल



**पुणे :** पुणे में एक यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री मोदी का आपत्तिजनक पोस्टर बनाने पर विवाद हो गया और इस विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं और छात्रों के बीच हुई झड़प में चार छात्र घायल हो गए हैं। दरअसल आपत्तिजनक पोस्टर के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैंपस में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान ही चार वामपंथ समर्थक छात्र वहां पहुंच गए। जिसके बाद वहां झड़प हो गई। इस झड़प में चार छात्र घायल हुए हैं।

पुणे की सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी में हॉस्टल की दीवार पर पीएम मोदी का आपत्तिजनक पोस्टर बनाने का मामला सामने आया है। गुरुवार को इस पोस्टर का खुलासा हुआ और शुक्रवार को भाजपा ने यूनिवर्सिटी कैंपस में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। जब भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी के पोस्टर के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे थे, तभी वामपंथ समर्थक चार छात्र मौके पर पहुंच गए और अपने संगठन के झंडे लहराने शुरू कर दिए। इस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत मां की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए। वामपंथी छात्रों ने भी नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद हालात काबू से बाहर हो गए और भाजपा कार्यकर्ताओं ने चारों छात्रों को पीट दिया। पुलिस ने किसी तरह चारों छात्रों को हिरासत में लिया। शाम में छात्रों को छोड़ दिया गया।

# स्टंटबाजी करनेवाले हुए गिरफ्तार
## बांद्रा सी लिंक की तरफ जानेवाली सड़कों पर चलता था स्टंट

**मुंबई :** बांद्रा पुलिस ने सड़कों पर स्टंट करनेवाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। जिसके तहत 6 मोटरसाइकिल जब्त कर छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। दरअसल सी लिंक रोड़ पर शाम ढलते ही शुरू हो जाता है स्टंटबाजों का खेल, इसीलिए पुलिस ने नाकाबंदी लगाकर ऐसे स्टंटबाजों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बांद्रा से सी लिंक तरफ जानेवाली सड़क पर लगातार वीआईपी मूवमेंट होता है। यहां से मुख्यमंत्री और दूसरे मंत्रियों का काफिला भी जाता है। इसलिए यह सबसे संवेदनशील इलाकों में से एक है। लेकिन शाम ढलते ही यहां



पर स्टंटबाजी का खेल शुरू होता है। जहां व्हिली, रेसिंग और स्विंग ड्राइविंग शामिल है। जिसमें जान का खतरा भी होता है। पुलिस को ऐसी ही जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने नाकाबंदी की और छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीनियर इंस्पेक्टर संजय मराठे ने बताया कि पुलिस ने नाकाबंदी रात के वक्त की थी, जहां खतरनाक तरीके से गाड़ी चलानेवालों पर कार्रवाई की गई है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें जो आरोपी शामिल हैं उनपर आईपीसी की धारा 279, 336 के साथ मोटर वेहिकल एक्ट 184 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। दरअसल पुलिस ने सी लिंक की वजह से सुरक्षा बढ़ाई थी। छह मोटरसायकिल पुलिस ने जब्त किया है, जिसमें एक महंगी मोटरसायकिल भी शामिल है। जिसका इस्तेमाल स्टंट के लिए आरोपी करते थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर, मोटरसायकल जब्त कर लिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के दिवंगत विधायक गोवर्धन शर्मा को श्रद्धांजलि दी



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिवंगत विधायक गोवर्धन शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंसर से जूझ रहे शर्मा का महाराष्ट्र के अकोला में निधन हो गया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''महाराष्ट्र विधानसभा के विधायक श्री गोवर्धन शर्माजी के निधन पर दुख हुआ। समाज सेवा के उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए उन्हें याद किया जाएगा। उन्होंने एक प्रभावी विधायक के रूप में अपनी पहचान बनाई, जो हमेशा लोक कल्याण के मुद्दों को उजागर करते थे। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना।

# कपड़ा निर्माता से 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी,
## महिला सहित दो पर मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में एक कपड़ा निर्माता से कथित तौर पर 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक महिला सहित दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता भिवंडी के कामतघर का निवासी है। नारपोली पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, आरोपी महिला और उसके प्रबंधक ने अक्टूबर 2022 और जनवरी 2023 के बीच शिकायतकर्ता से 69.37 लाख रुपये से अधिक के कपड़े उधार लिए थे, लेकिन उन्होंने अब तक उसे केवल 13.99 लाख रुपये का ही भुगतान किया। आरोपी महिला मुंबई में एक कपड़ा इकाई की मालकिन है। उन्होंने कहा, महिला और उसके प्रबंधक को बार-बार याद दिलाने के बावजूद दोनों उसे शेष राशि का भुगतान करने में विफल रहे और शिकायतकर्ता से 55.38 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया है।

## मुकेश अंबानी को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार, तेलंगाना से पकड़ा गया

**मुंबई :** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को कथित तौर पर कई धमकी भरे ईमेल भेजने के आरोप में एक आरोपी को तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया है। गामदेवी पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान गणेश रमेश वनपारधी के रूप में हुई है। शनिवार को मामले में उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे 8 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुकेश अंबानी को शनिवार (4 नवंबर) को भी जान से मारने की धमकी मिली थी। आरोपी ने 400 करोड़ रुपये फिरौती देने की मांग की थी। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने 31 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच भेजे दो धमकी भरे ईमेल को नजरअंदाज करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। पुलिस के अनुसार, अंबानी को धमकी भरे ईमेल भेजने वाले ने खुद को शादाब खान बताया है। इससे पहले अंबानी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसमें 20 करोड़ रुपये न देने पर गोली मारने की बात कही गई थी।

आरोपी ने हर बार नया ईमेल भेजे जाने पर फिरौती की रकम बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये से 400 करोड़ रुपये कर दी। मुंबई पुलिस ने कहा कि इस तरह का पहला धमकी भरा मेल 28 अक्टूबर को भेजा गया था। ईमेल मिलने के बाद मुकेश अंबानी के सुरक्षा प्रभारी की शिकायत के आधार पर मुंबई की गामदेवी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 387 (जबरन वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देना) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## रायगढ़ में फार्मा कंपनी विस्फोट में 4 मौतें: सात घायल... 7 लोग लापता,



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के महाड MIDC इलाके में शुक्रवार (3 नवंबर) सुबह करीब 11 बजे ब्लू जेट हेल्थकेयर फार्मा कंपनी में धमाके बाद भीषण आग लग गई थी। इस हादसे के बाद 11 लोग लापता हो गए थे। नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स ने इनमें से 4 लोगों का शव शनिवार सुबह 7 बजे तक बरामद किया है। हादसे में 7 लोग घायल हुए हैं। हालांकि, घटना के लगभग 23 घंटे बीतने के बावजूद 7 लोगों का कोई पता है। NDRF के अधिकारी ने बताया कि सर्च ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि गैस लीकेज के कारण कंपनी में रखे केमिकल में एक के बाद एक कई विस्फोट हुए। इसके बाद आग लग गई। हालांकि कंपनी ने इसको लेकर अभी कोई जानकारी नहीं दी है।

# क्या महाराष्ट्र सरकार से जुड़े हैं नशे के कारोबार के तार?
## एल्विश यादव मामले में संजय राउत का बड़ा आरोप

**मुंबई :** बिग बॉस ओटीटी सीजन-2 के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांप के जहर के कथित इस्तेमाल को लेकर मामला दर्ज किया है. इस मामले में पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन एल्विश फरार है. शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) सांसद संजय राउत का कहना है, ''...इस देश का सबसे बड़ा ड्रग माफिया जो सांप का जहर बेचता है, जिसका इस्तेमाल रेव पार्टियों में किया जाता है...वह (एल्विश यादव) सीएम आवास पर आया था. उनका स्वागत किया गया और भगवान गणपति की आरती की गई. क्या महाराष्ट्र में हो रहे नशे के कारोबार के तार (राज्य) सरकार से जुड़े हैं? क्या सीएम के पास इस बात की खुफिया जानकारी नहीं है कि आपके आवास पर कौन आता है? ...देश जानना चाहता है क्योंकि यह ड्रग मामला देश से जुड़ा है...''

एल्विश ने यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अपना पक्ष रखते हुए उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से पूरी तरह इंकार किया है. अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के कब्जे से



कोबरा समेत नौ सांपों को बचाया गया. ये लोग गुरूवार को सेक्टर-51 के एक बैंक्वेट हॉल में रेव पार्टी के लिए एकत्र हुए थे. यह पार्टी पशु अधिकार संगठन 'पीपल फॉर एनिमल्स' (पीएफए) द्वारा बिछाया गया जाल था. उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक की बोतल में रखे सांप के 20 मिलीलीटर जहर को जब्त किया तथा इसे परीक्षण के लिए भेज दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या यह शरीर में मादक पदार्थ की तरह असर करने के लिए तैयार किए गए मादक पदार्थ के समान था. सूचना मिली थी कि एल्विश यादव नोएडा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के फार्म हाउस में अन्य लोगों के साथ रेव पार्टी करता था तथा सांप के जहर और जिंदा सांपों के साथ वीडियो बनाता था. उन्होंने यह भी दावा किया कि पार्टी में विदेशी महिलाओं को बुलाया जाता था और वहां सांप के जहर तथा मादक पदार्थ का सेवन किया जाता था.


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com